आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भाजपा ने हमेशा जवाबदेही और सुशासन की राजनीति की है। शिमला के उपनगर टुटू के समीप मजठाई में आज भाजपा के प्रदेश कार्यालय के शिलान्यास के बाद पीटरहॉफ में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़ कर देश की अन्य सभी राजनीतिक पार्टियां सत्ता सुख में डूबी हुई हैं। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने देशभर में 7 सौ 87 पार्टी कार्यालय बनाने का लक्ष्य रखा है जिनमें से 6 सौ 17 कार्यालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये कार्यालय केवल इमारतें नहीं बल्कि संस्कार केन्द्र हैं।

नड्डा ने कहा कि भाजपा विचारधारा के लिए समर्पित पार्टी है जबकि कांग्रेस केवल सत्ता सुख की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धारा–370 को समाप्त किया और भाजपा सरकार के प्रयासों से ही राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र से मिले धन का सही उपयोग न करने का भी आरोप लगाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया। रितेश/पीटीसी/योगराज/

रेल परियोजनाएं

केन्द्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदेश में रेल परियोजनाओं में देरी के लिए राज्य सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया है। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रेल परियोजनाओं के लिए भूमि स्थानांतरित न करने और परियोजनाओं में राज्य सरकार की हिस्सेदारी न मिलने की वजह से इनके कार्यान्वयन में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि भानुपल्ली–बिलासपुर–बैरी रेलवे लाइन के लिए प्रदेश में एक सौ 24 हैक्टेयर भूमि की ज़रूरत है लेकिन राज्य सरकार ने रेलवे को अभी तक केवल 82 हैक्टेयर भूमि स्थानांतरित की है।

संसद हमला

देश आज संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन संसद पर आतंकी हमला हुआ था। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों ने संसद भवन परिसर में शहीद सुरक्षाकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की।

**मौसम**

प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर लगातार जारी है। राज्य में दिसम्बर माह के पहले पखवाडे में बारिश व बर्फवारी न होने से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गई है। राजधानी शिमला, किन्नौर, कुल्लू, चंबा सहित अन्य क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है इसके चलते अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हिमपात व हल्की वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश के अन्य स्थानों पर मौसम साफ बना रहेगा।

..............................